# श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर

क्रमांकः श्रीकनकृमवि/निविदा/जोबनेर/2025/1323 दिनांकः 09.01.2026

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर के अंतर्गत आसलपुर फार्म (340 बेर के फलदार पेड़) व उद्यान विज्ञान फार्म जोबनेर (320 बेर के फलदार पेड़) दोनो फार्म पर 660 बेर के फलदार पेडों के फलों की बिक्री हेतु खुली बोली द्वारा निलामी की जायेगी। अतः जो इच्छुक व्यक्ति/फर्म उक्त दोनो फार्म (आसलपुर फार्म व उद्यान विज्ञान फार्म जोबनेर) पर स्थित बेर के फलों की बिक्री हेतु बोली लगाकर क्रय करना चाहे वो दिनांक 19.01.2026 को प्रातः 11.30 बजे आसलपुर फार्म एवं उसी दिनांक 19.01.2026 को दोपहर 2.30 बजे उद्यान विज्ञान फार्म, जोबनेर पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है।

<u>खुली बोली निलामी की शर्ते निम्न प्रकार होगी</u>

1. बोली छूटने के बाद 1/4 हिस्सा राशि उसी समय जमा करनी हागी व बाकी 75 प्रतिशत राशि जमा करवाने के पश्चात् ही बेर फलो को तोड़ सकेगा।
2. ठेकेदार तय समय (15 दिवस) में रकम जमा नही करवाता है तो उसके द्वारा जमा राशि जब्त कर ठेका रद्द कर दिया जायेगा।
3. बेर के फलों को तोडने की अवधि बोली छुटने से तीन माह तक की होगी।
4. बेर के बगीचे की रखवाली व फलों की तुडाई का कार्य ठेकेदार का होगा।
5. फलों को पेडों से सावधानी से तोडना होगा जिससे पेडों को नुकसान नही पहुचे।
6. ठेकेदार द्वारा कार्य पर लगाये गये समस्त व्यक्तियों के नाम व पत्ते पहचान आदि की सुचना फार्म कार्यालय में देनी होगी।
7. बेर फलों को तोड़ते समय समस्त व्यक्तियों/मजदुरो को जनहानी हुई तो उसकी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
8. फलों को तोड़ने के बाद कार्यालय दिवस के समय फार्म गेट पर इन्द्राज करवाकर लेकर जाना होगा।
9. ठेकेदार द्वारा कार्य वैज्ञानिको द्वारा प्रयोग हेतु फल बाजार भाव पर समय–2 पर उपलब्ध करवाने होगे।
10. किसी भी तरह विवाद ठेका निपटारे हेतु श्रीमान अधिष्ठाता श्री क.न. कृषि महाविद्यालय जोबनेर के समक्ष प्रस्तुत करना होगा उनका निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।
11. निलामी में बोली लगाने वाले व्यक्ति का बैंक में खाता होना आवश्यक है।
12. सफल निलामी के बाद में मौसम, पशु व पंक्षी इत्यादि से नुकसान के लिए महाविद्यालय उत्तरदायी नही होगा।

अधिष्ठाता व संकाय अध्यक्ष

प्रतिलिपी सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्रीमान अधिष्ठाता महोदय, श्री क.न. कृषि महाविद्यालय जोबनेर।
2. श्रीमान वित नियंत्रक, श्री क.न. कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त निलामी में स्वय या नामित सदस्य भिजवाने का श्रम करे।
3. श्रीमान आहरण व वितरण अधिकारी, श्री क.न. कृषि महाविद्यालय जोबनेर।
4. श्रीमान संयोजक, निलामी समिति व समस्त सदस्य।
5. श्रीमान प्रभारी अधिकारी, आसलपुर फार्म जाबनेर
6. श्रीमान प्रभारी अधिकारी, उद्यान विज्ञान फार्म, कृषि महाविद्यालय, जोबनेर
7. श्रीमान सीमका प्रभारी, श्री क.न. कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर को भेजकर लेख है कि उक्त सुचना को विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करे।
8. सूचना पटट्, कृषि महाविद्यालय जोबनेर।
9. ग्राम पंचायत– आसलपुर, बोबास, ढाणी बोराज, जोरपुरा, नोरपुरा/नगरपालिका जोबनेर।

विभागाध्यक्ष
उद्यान विज्ञान विभाग